कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.01.2025

विषयः- प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बेंचने के मामले में 01 नफ़र अभियुक्ता थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, चाइनीज मांझा 84 अदद गिर्री (कुल वजन 28 किलो 500 ग्राम) बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध तरीके से अपनी दुकान में प्रतिबंधित चाइनीज मंझा बेंच रही 01 नफ़र अभियुक्ता को आज दिनांक-06.01.2025 को समय करीब 13.20 बजे खनांव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी से प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा 84 अदद गिर्री (कुल वजन 28 किलो 500 ग्राम) के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ़्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0009/2025 धारा 293,125,223 बीएनएस व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- आज दिनांक 06.01.2025 को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खनांव पर एक महिला दुकानदार पतंग व प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेच रही है, जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा उक्त दुकान पर पहुंचकर दबिश दिया गया, तो उक्त अभियुक्ता की दुकान से 84 अदद गिर्री (कुल वजन 28 किलो 500 ग्राम) प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बरामद हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण- 01 नफ़र अभियुक्ता, उम्र करीब 45 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- खनांव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी से, दिनांक-06.01.2025 को समय करीब 13.20 बजे।

बरामदगी का विवरण- प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा 84 अदद गिर्री (कुल वजन 28 किलो 500 ग्राम) बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0 0009/2025 धारा 293,125,223 बीएनएस व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- उ0नि0 अवनीश कुमार मिश्र थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

2- म0उ0नि0 शिल्पा सिंह थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

3- प्र0उ0नि0 श्याम बाबू थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

4- हे0का0 जितेन्द्र कुमार थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

5- का0 मनोज कुमार थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।